# DOON VALLEY OFFICERS COOPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED

(Regd. under Co-oprative Societies Act II of 1912, Regd. No. 723 dated 7-6-1966)

VASANT VIHAR, CHAKRATA ROAD,
DEHRADUN - 248006 ☎ : ~~0135-2765957~~ 7668441801
email : ~~dvochsl@outlook.com~~ dvochsl2@gmail.com


Ref.No:- 1762 /DVOCHSL/NewsL/33 Date: 10 .11.2023

## वसन्त विहार समिति समाचार पत्र – अक्टूबर–दिसम्बर 2023

आदरणीय सदस्यों,

नमस्कार! धन्तेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें!

विगत समय में समिति क्षेत्र की गतिविधियों से संबंधित मुख्य जानकारियां निम्नानुसार हैः–

### 1. प्रबन्ध समिति के मुख्य निर्णय

विगत 3 माह में निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं :–

(i) बहुनामांकन के सम्बन्ध में अधिवक्ता श्री पकज रतुडी से प्राप्त कानूनी सलाह के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि उप–पंजीयक सहकारी संस्थाओं से इस पर मत लिया जाये।

(ii) DVOCHSL (सोसायटी) का भवन पुराना होने के कारण उसकी छत की मरम्मत हेतु प्रस्तावित बड़ी राशि को देखते हुये यह निर्णय लिया गया कि सोसायटी कार्यालय के लिये नया भवन निर्माण किया जाये।

(iii) एकाकी भुगतान (Single Transaction) के लिए सभापति के वित्तीय अधिकार बढ़ाकर रू0 1,00,000/– एवं सचिव के वित्तीय अधिकार की सीमा रू0 50,000/– करने का निर्णय लिया गया।

(iv) कार्यालीन कर्मचारियों को दीपावली बोनस एवं एक वर्ष से अधिक अवधि से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को दीपावली उपहार राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

### 2. सदस्यों को विक्रय द्वारा लीज हस्तांतरण की अनुमति

निम्न प्रकरणों में लीज हस्तांतरण के लिए अनुमति दी गई : –

(i) श्री मदन तलवार द्वारा प्लॉट क्रमांक 37 फेज–2 की लीज का ले0 कर्नल भूपेन्द्र सिंह को विक्रय द्वारा हस्तांतरण करने की अनुमति दी गई।

(ii) श्रीमती अनीता भल्ला द्वारा प्लॉट क्रमांक 116 फेज–1 की लीज का ले0 कर्नल आर0डी0 नौटियाल (से0नि0) को विक्रय द्वारा हस्तांतरण करने की अनुमति दी गई।

### 3. सदस्यों के निधन के फलस्वरूप लीज का हस्तांतरण

निम्न प्रकरणों में सदस्य के निधन के फलस्वरूप विधिवत लीज का हस्तांतरण किया गया :–

(i) सदस्य स्व0 श्री जगदीश प्रसाद के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 187 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण श्रीमती प्रेम प्रसाद को किया गया।

(ii) सदस्य स्व0 श्री के0पी0 पुजारी के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 145 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण श्री सुमित पुजारी को किया गया।

(iii) सदस्य स्व0 श्रीमती सुधा मांगलिक के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 85 फेज–1 की लीज का हस्तांतरण श्री हिमांशु मांगलिक को किया गया।

(iv) सदस्य स्व0 श्री एस0 के0 दास के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 347 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण श्रीमती विभा पुरी दास को किया गया।

(v) सदस्य स्व0 श्री चन्द्रकान्त दिक्षित के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 184 फेज–1 की लीज का हस्तांतरण श्रीमती वेलेनटीना त्रिवेदी को किया गया।

(vi) सदस्य स्व0 श्री एस0 पी0 अग्रवाल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 285 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण श्री विनीत अग्रवाल को किया गया।

4. **DVOCHSL के सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक (AGM) 30 सितम्बर 2023 में लिये गये निर्णय** :–

बैठक का कार्यवाही विवरण पत्र 1706/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 13/10/2023 की प्रति WhatsApp ग्रुप में समस्त सदस्यों को भेजी गई है। बैठक में निम्न निर्णय लिये गये :–

(i) वित्तीय वर्ष 2022–23 की बैलेंस शीट एवं ऑडिट रिपोर्ट का चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(ii) वित्तीय वर्ष 2023–24 के पुनरीक्षित बजट तथा वर्ष 2024–25 के बजट प्रस्तावों पर चर्चा उपरान्त इन्हें सर्वसम्मति सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(iii) **समिति क्षेत्र में लागू नई सुरक्षा योजना** :–
चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन हेतु सदस्यों के SMC में प्रस्तावित वृद्धि की राशि का वहन समिति द्वारा अपनी आय से किया जाये।

(iv) भूखण्ड संख्या 117/1 एवं 182/1 की लीज के आवंटन के लिये नीलाम (लीज राशि के निर्धारण हेतु) में भूखण्डों की अपसेट प्राइस की गणना हेतु GBM की बैठक दिनांक 20/08/2023 में निर्धारित दर पर पुर्नविचार कर, पुनरीक्षित दर का अनुमोदन किया गया।

5. **विकास कार्यों की प्रगति** :–

विगत 3 माह में निम्न विकास कार्य किये गये हैं :–

(i) सामुदायिक केन्द्र (Community Centre) में महिला एवं पुरूष शौचालय (Toilet) निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है।
(ii) समिति क्षेत्र में 3 स्थानों में सड़क पर स्पीड ब्रेकर निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है।
(iii) समिति कार्यालय एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दीवार एवं फेंसिंग कार्य प्रगति पर है।
(iv) सड़क किनारे ईटों के खडिंजों का कार्य हेतु वेस्ट रोड़–3 एवं ईस्ट रोड़–5 का कार्य आदेश दे दिया गया है। कार्य निकट भविष्य में शुरू किया जायेगा।
(v) दो पार्कों में सोलर लाईट सिस्टम एवं रोड पेच वर्क कार्य के लिये पुनः निविदा आमंत्रित की गई है।

6. **सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन** :–

(i) वर्तमान में रात 10:00 बजे सुबह 5:30 बजे तक बैरियर बन्द किये जा रहे हैं।

(ii) सुरक्षा की दृष्टि से समिति के समस्त सदस्यों को 2 कार स्टिकर निःशुल्क देने का निर्णय है। बार–बार निवेदन किये जाने के बावजूद अभी तक केवल 93 सदस्यों द्वारा कार स्टिकर के लिये आवेदन किया गया है। इन सभी को कार स्टिकर प्रदाय दिये गये हैं। पुनः निवेदन है कि सभी सदस्य तत्काल कार्यालय से निःशुल्क कार स्टिकर प्राप्त करें। कार स्टिकर के अभाव में गार्ड द्वारा रात्रि 10 बजे उपरांत वाहन को आवश्यक पूछताछ (Enquiry) उपरान्त ही प्रवेश दिया जायेगा।

7. **SOCIETY MAINTENANCE CHARGES का भुगतान** :–

(i) अक्टूबर 2023 तक कुल 454 सदस्यों द्वारा वर्ष 2023–24 की वार्षिक SMC राशि का भुगतान किया गया है। जिन सदस्यों का भुगतान लंबित है, उनसे नम्र निवेदन है कि ये लंबित भुगतान शीघ्र कर सहयोग करें। यहां उल्लेखनीय है कि बकाया मूल राशि पर Bye-Laws के पैरा 35(36) के प्रावधान अनुसार 20% वार्षिक की दर से ब्याज की राशि भी वसूल की जाती है।

(ii) **Online भुगतान** : स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई सदस्य Online भुगतान कर उसकी जानकारी/रसीद सोसायटी कार्यालय में नहीं दे रहे हैं। क्योंकि Bank इन भुगतानों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी नहीं दे पा रहे हैं अतः इन सदस्यों के SMC भुगतान लम्बित दर्शाये

जा रहे हैं। अतः सदस्यों से निवेदन है कि Online भुगतान करने पर भुगतान की रसीद सोसायटी कार्यालय में Accounts Clerk को देकर मनी रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें। सोसायटी के मोबाईल नं0 7668441801 में Whatsapp से रसीद को निम्न विवरण के साथ भेजें :–

(a) UPI/Transaction नम्बर

(b) प्लॉट/भवन नं0 एवं फेज क्रमांक एवं सदस्य का नाम

8. **सदस्यों द्वारा नामांकन (NOMINATION) :–**

सोसायटी के फेज–1 एवं फेज–2 के कुल 121 सदस्यों (फेज 1 के 45 तथा फेज 2 के 76) द्वारा DVOCHSL की उपविधियां (Bye-Laws) की उपविधि क्रमांक 11 में दिये प्रावधान के अनुसार अपने प्लॉट के संबंध में नामांकन अभी तक नहीं किया गया है। इन सदस्यों की सूची कार्यालय के पत्र क्रमांक 1360/DVOCHSL/61 दिनांक 25.04.2023 द्वारा, DVOCHSL, Vasant Vihar A,B,C,D WhatsApp Group में दिनांक 26.04.2023 को भेजकर सभी सदस्यों को सूचना दी गई थी। नामांकन के अभाव में लीज हस्तांतरण में बाधायें उत्पन्न होती हैं, अतः ऐसे सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे निर्धारित प्रारूप में सोसायटी कार्यालय में आवेदन दें।

9. **सदस्यों की मृत्यु के उपरांत आवंटित भूखण्डों की लीज का हस्तान्तरण :–**

सदस्यों के अभिलेखों के परीक्षण उपरांत यह पाया गया है कि अभी भी 8 सदस्यों के निधन के उपरांत उनके भूखण्डों की लीज का हस्तांतरण आवेदन के अभाव में नहीं हो पाया है। इस सदस्यों की सूची कार्यालय के पत्र क्रमांक 1360/DVOCHSL/61 दिनांक 25.04.2023 द्वारा DVOCHSL, Vasant Vihar A,B,C,D WhatsApp Group में दिनांक 26.04.2023 को भेजकर सभी सदस्यों को सूचना दी गई है। इन सदस्यों के नामित व्यक्ति/उत्तराधिकारी से पुनः निवेदन है कि वे लीज हस्तांतरण के लिए तत्काल सोसायटी कार्यालय में आकर विधिवत् आवेदन देकर लीज हस्तांतरण की कार्यवाही प्रारम्भ करें।

10. **माननीय सदस्यों से निवेदन**

**(i) हरा कूडा (Green Waste) :–**

(अ) कृपया केवल डेढ़ मीटर लम्बाई तक की वृक्षों की टहनियाँ, बडे पौधों की कटिंग आदि ही Green waste के रूप में बाहर डालें। बडी टहनियों को डेढ़ मीटर के टुकडों में काट कर रखें। इससे Green waste का उठाव आसानी तथा ज्यादा तेजी से हो सकेगा।

(ब) हरा कूडा (Green Waste) अपनी बाउण्ड्री वाल के साथ रखें तथा हरा कूडा (Green Waste) केवल निर्धारित दिवस को ही बाहर रखने के लिये अपने माली/सेवक को स्पष्ट निर्देश दें।

(स) पत्ते, घास, फूल आदि को अपने घर के अन्दर Compost pit बनाकर उनसे खाद बनायें।

(ii) घर का पानी सड़क पर न आने दें।

(iii) Building waste, अन्य घरेलू कचरा बाहर न फेंके। इससे पूरी सोसायटी की शोभा प्रभावित होती है।

(iv) सोसायटी की जमीन पर अतिक्रमण न करें। केवल पूर्व में निर्धारित सीमा तक ही केवल शोभादार/फूलदार पौधों को लगाया जा सकता है। कृपया इस सीमा का उपयोग सब्जी लगाने के लिये नहीं करें।

(v) रात्रि में वाहन घर के अन्दर Park करें।

(vi) कृपया रात्रि 10:00 बजे के बाद तेज संगीत या अन्य ध्वनि प्रदूषण से पड़ोसियों को परेशान न करें।

(vii) सोसायटी में कई अत्यंत बुजुर्ग एवं बीमार सदस्य/रहवासी हैं। कृपया यह सुनिश्चित करें कि दीपावली के पटाखों का शोर इन्हें तकलीफ न दें।

**11. विगत 3 माह में समिति के एक वरिष्ठ सदस्य का दुःखद निधन हुआ है :–**

| कमांक | भूखण्ड / भवन संख्या | सदस्य का नाम | मृत्यु की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 95 / 1 | स्व0 कर्नल इन्द्रजीत पुरी | 26–10–2023 |

वसन्त विहार समिति परिवार की ओर से हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह इनकी पुण्य आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा उनके परिवारजनों को इस आघात को सहने की शक्ति दे।

**पुनः समिति के सभी सदस्यों को प्रबन्धन कमेटी की ओर से धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं।**

(कर्नल डी0के0 बडथ्वाल (से0नि0))
सचिव

11/11/23
(धीरेन्द्र शर्मा)
सभापति